लोक सभा अध्यक्ष ने इंदौर-पटना एक्सप्रेस ट्रैन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, २० नवम्बर 2016 :   लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कानपुर में इंदौर-पटना एक्सप्रेस ट्रैन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। अपने शोक सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा:

"मुझे यह जानकार बहुत दुःख हुआ है कि कानपुर में इंदौर-पटना एक्सप्रेस ट्रैन के कुछ कोचों के पटरी से उतरने से हुई दुर्घटना में अनेक लोगों की जान गयी है और और अन्य कई घायल हो गए हैं । में सम्बंधित एजेंसियों से लगातार संपर्क में हूँ और मुझे बताया गया है कि दुर्घटना स्थल पर तत्काल राहत प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं, तथा उन शोकसंतप्त परिवारों को सहायता पहुँचाने का कार्य प्रगति पर है जिन्होंने अपने निकट सम्बन्धियों को इस दुर्घटना में खोया है। साथ ही उन लोगो को मेडिकल सहायता पहुंचाई जा रही है जो घायल हो गए हैं।

मैं दुर्घटना में मारे गए लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूँ और घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ। ’